# भोपाल से सख्ती के बाद भाजपा में खींचतान का पटाक्षेप

- कार्यकर्ताओं की बात सुनने और सम्मान करने की समझाइश दी





**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** कल भाजपा कार्यकारिणी घोषित होने बाद कालिख पोतने और पुतला जलाने के घटनाक्रम पर पार्टी में डैमेज कंट्रोल शुरू हो गया है. आज भोपाल से प्रदेश अध्यक्ष की सख्ती एक बाद मेलमिलाप का दौर शुरू हुआ और एक दूसरे से मिलकर मामले का पटाक्षेप हो गया.

कल नगर कार्यकारिणी घोषित होने के बाद नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के खिलाफ खाती समाज मैदान में उतर गया था. समाज का आक्रोश नगर कार्यकारिणी में निलेश चौधरी और मनोज चौधरी को स्थान नहीं देने को लेकर था. विरोध खाती समाज का था तो अप्रत्यक्ष रुप से पूर्व विधायक और पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती का नाम स्वत: ही घटनाक्रम से जुड़ना लाजिमी हो गया. बताया जा रहा है कि कल के घटनाक्रम को लेकर प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने स्थानीय नेतृत्व को सख्ती से कार्यकर्ताओं की बात सुनने और सम्मान करने की समझाइश दी. इसके बाद आज जीतू जिराती के समर्थक निलेश चौधरी नगर अध्यक्ष के घर पहुंचे और फिर दोनों कैलाश विजयवर्गीय, रमेश मेंदोला से मिलने के बाद दिनभर विभिन्न कार्यक्रमों में साथ घूमते देखे गए. चर्चा है कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा को हिदायत दी है. उसके बाद मिश्रा ने जीतू जिराती को फोन पर बात कर सहयोग और समर्थन की बात की है.

### निलेश को पद नहीं देने से समाज ने किया विरोध, मैं शामिल नहीं : जिराती

उक्त घटनाक्रम के मुख्य किरदार पिछले 11 साल से भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती ने कहा कि मैं पार्टी विरोधी गतिविधियों में कभी शामिल नहीं रहा. निलेश चौधरी को स्थान नहीं देने से समाज आक्रोशित था और समाज ने उग्रता दिखाई है. निलेश ने भी कोई सहयोग नहीं किया. मेरे पास मिश्रा का फोन आया और उन्होंने कहा कि आपका छोटा भाई हूं. मैंने कहा कि मेरा मामले से कोई लेना देना नहीं है. तुम सदा भाई रहोगे. निलेश भी सुमित से मिल लिया और आज दिनभर से दोनों साथ घूम रहे है. पार्टी के खिलाफ जाना मेरा स्वभाव कभी नहीं रहा है.

## दो दिवसीय तुलसी विवाहोत्सव कल से

**इंदौर.** अग्रवाल समाज हाइवे क्षेत्र पालदा एवं वरुण विक्ट्री रहवासी संघ के तत्वावधान में देव उठनी एकादशी के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर एवं 1 नवंबर को दो दिवसीय तुलसी विवाहोत्सव का आयोजन आचार्य पं. राजाराम शर्मा के निर्देशन में आयोजित किया जाएगा. इस महोत्सव के यजमान निकिता-अंकुर अग्रवाल रहेंगे. तुलसी विवाह के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं. विवाहोत्सव में हाईवे क्षेत्र से जुड़े 560 से अधिक परिवारों के सदस्य एवं रहवासी संघों के सदस्य भी शामिल होंगे. अग्रवाल समाज हाइवे क्षेत्र पालदा के संरक्षक अरविन्द बागड़ी ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 31 अक्टूबर को सुबह 11 बजे गणेश पूजन के साथ होगा. दोपहर 1 बजे मेंहदी, 2 बजे से हल्दी एवं 3 बजे बान स्थापना साक्षी राखी तथा अगले दिन शनिवार 1 नवंबर को दोपहर 3 बजे वर निकासी का बाना पूजा-पीयूष सिंघल के निवास से प्रारम्भ होगा. दोपहर 4 बजे सामेला तथा गोधूलि बेला में शाम 5 बजे से फेरे होंगे.

# ऑडिटोरियम का काम एक माह में पूरा करें

- संभागायुक्त ने अधिकारियों को दिए आदेश
- गोपाल मंदिर और लाल बाग पैलेस का किया निरीक्षण



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. संभागायुक्त ने गोपाल मंदिर और लाल बाग पैलेस के नवीनीकरण कार्य का निरीक्षण किया. इस दौरान आयुक्त ने गोपाल मंदिर हॉल एक माह में पूरा करने के आदेश दिए. साथ ही मंदिर में विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना बनाने के निर्देश दिए.**

संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने आज गोपाल मंदिर के इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की. साथ ही मंदिर में चल रहे विभिन्न विकास कार्य निरीक्षण और समीक्षा की. संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन, संयुक्त कलेक्टर कल्याणी पाण्डे एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गोपाल मंदिर में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम को एक माह में पूरा किया जाए. संभागायुक्त खाड़े ने गोपाल मंदिर के पूरे परिसर का अवलोकन किया और मंदिर के पीछे बने मार्केट का दौरा भी किया तथा दुकानदारों से चर्चा की. ऑडिटोरियम हॉल का काम पूरा करने के बाद मंदिर में आगामी योजना पर काम करने के निर्देश दिए है. डॉ. खाड़े ने कहा कि गोपाल मंदिर कॉम्पलेक्स में वाहनों पार्किंग, आमोद-प्रमोद के साधन कैफेटेरिया भी बनाया जाए, उन्होंने कहा कि गोपाल मंदिर का ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व है, इसलिए एक गैलरी भी बनाए. निरीक्षण के पहले डॉ. खाड़े ने गोपाल मंदिर के दर्शनकर आशीर्वाद लिया.

### नवीनीकरण कार्यों को देखा

संभागायुक्त डॉ. खाड़े इस दौरान लाल बाग पैलेस भी पहुंचे। उन्होंने पैलेस के नवीनीकरण कार्यों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने लाल बाग पैलेस के दरबार हॉल, बैंकेट हॉल, डॉसिंग रूम, क्राउन हॉल, सिटिंग हॉल, लायब्रेरी के बारे में जानकारी प्राप्त की. लाल बाग पैलेस के असिस्टेंड क्यूरेटर आशुतोष महाशब्दे ने बताया कि लाल बाग पैलेस को देखने के लिये बड़ी संख्या में नागरिक यहां पहुंचते हैं.

# सभी कार्यों में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए

- प्रबंध संचालक मेट्रो ने किया प्राथमिकता कॉरिडोर का स्थलीय निरीक्षण



**इंदौर. मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य ने बुधवार को इंदौर मेट्रो रेल परियोजना के प्राथमिकता कॉरिडोर पर प्रगति की विस्तृत समीक्षा की. उन्होंने मालवीय नगर स्टेशन से लेकर एससी-02 स्टेशन तक मेट्रो ट्रॉली के माध्यम से प्रत्येक स्टेशन पर गहन स्थलीय निरीक्षण किया.**

निरीक्षण का प्राथमिक उद्देश्य प्राथमिकता कॉरिडोर पर चल रहे स्टेशन निर्माण कार्यों और संपूर्ण सिस्टम इंटीग्रेशन की वर्तमान स्थिति का बारीकी से मूल्यांकन करना था. श्री चैतन्य ने ट्रॉली यात्रा के दौरान मार्ग के विभिन्न हिस्सों में कार्य प्रगति, संरचना की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं कार्यस्थल पर अपनाई जा रही तकनीकी प्रक्रियाओं का बारीकी से अवलोकन किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्यों में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किया जाए. इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान, अरुण श्रीवास्तव निदेशक सिस्टम, अजय गुप्ता निदेशक प्रोजेक्ट सहित कॉन्ट्रैक्टर्स प्रतिनिधि एवं जनरल कंसल्टेंट के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे.

### अधिकारियों से ली कार्यों की जानकारी

प्रबंध संचालक ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से स्टेशन फिनिशिंग कार्य (जैसे फ्लोरिंग, फासाड और छत), विस्तृत केबलिंग, लाइटिंग व्यवस्था,और महत्वपूर्ण सिग्नलिंग सिस्टम के इंटीग्रेशन से जुड़ी तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली और शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए जिससे परिचालन संबंधी प्रक्रियाएं समय पर शुरू की जा सकें और इंदौरवासियों को संपूर्ण प्राथमिकता कॉरिडोर पर जल्द से जल्द मेट्रो की सुविधा मिल सके।

## अहिल्या माता गोशाला पर आज श्रद्धाभाव से मनाई जाएगी गोपाष्टमी

- गो भक्त अपने घरों से लेकर आएंगे लड्डू गोपाल
- लगेगा छप्पन भोग, मशीनों से होगा ओरा टेस्ट

**इंदौर.** केशरबाग रोड स्थित प्राचीन अहिल्या माता गोशाला पर आज गुरुवार को सुबह 7.30 से दोपहर 2 बजे तक गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में गोमाता पूजन, गो-गोपाल मिलन, गोमाता के अन्नकूट सहित विभिन्न कार्यक्रम होंगे.

इस अवसर पर गोशाला आने वाले गोभक्तों को गोशाला में ही उपजे आंवला का नि:शुल्क वितरण भी किया जाएगा और आधुनिक मशीन से आभा मंडल टेस्टिंग सहित गर्भवती माताओं के गर्भस्थ शिशु में श्रेष्ठ संस्कारों के लिए विशेषज्ञ वैद्यों द्वारा गर्भ संस्कार जैसे कार्यक्रम भी होंगे. पिछले वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धालु अपने साथ घर से लड्डू गोपाल को लेकर गोशाला आएंगे और गोमाता से मिलन एवं परिक्रमा का पुण्य लाभ उठाएंगे.

### एक नजर में

## बद्री नारायण मन्दिर में अन्नकूट महोत्सव मनाया



**इंदौर.** नृसिंह बाजार स्थित डेढ़ सौ वर्ष पुराने श्री बद्रीनारायण मन्दिर में अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया गया. भगवान् नर, नारायण और माता लक्ष्मी को 56 भोग धराये गए. एक सदी से अन्नकूट हर दीपपर्व पर आयोजित होता है. पं. अतुल उपाध्याय ने बताया कि संपूर्ण मन्दिर परिसर को सजाया गया. फूलों फलो और आम के पतो से विशेष श्रृंगार किया गया. महाआरती के बाद बड़ी संख्या में भक्तो ने प्रसादी ग्रहण की. पं. संजय उपाध्याय ने बताया कि भगवान् बद्रीनारायण विष्णु के अवतार है और तीनों मूर्तिया सफेद मार्बल में है. प्रवीण जोशी ने बताया कि पूर्व में पं. विष्णुराम, पं गोविंद, पं. बालकृष्ण उपाध्याय सेवा करते थे और वर्तमान में पं.अजय और पं. वेदांत उपाध्याय पूजा और सेवा कर रहे है. इस मन्दिर में जन्माष्टमी, रामनवमी, रंगपंचमी के साथ शरद पूर्णिमा का पर्व भी हर्षोल्लास से मनाया जाता है.

## स्पाइस लाउंज फूड करेगी राइटफेस्ट हॉस्पिटैलिटी का अधिग्रहण

**इंदौर.** मल्टी-फॉर्मेट फूड सर्विस कंपनी स्पाइस लाउंज फूड वर्क्स लिमिटेड (बीएसई-539895) के बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर ने राइटफेस्ट हॉस्पिटैलिटी एलएलपी की 100न्न हिस्सेदारी के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है. कंपनी के 75 वर्षों से अधिक के संयुक्त हॉस्पिटैलिटी अनुभव और 500 से अधिक सदस्यों की टीम के साथ काम करने वाली यही कंपनी का यह अधिग्रहण भारत के तेजी से विकसित होते कैज़ुअल डाइनिंग, क्विक सर्विस और टेक-इनेबल्ड फूड एक्सपीरियंस सेक्टर में एक रणनीतिक विस्तार का प्रतीक है. इस विकास पर टिप्पणी करते हुए मोहन बाबू कर्जेला, चेयरपर्सन एवं निदेशक, स्पाइस लाउंज फूड वर्क्स लिमिटेड ने कहा राइटफेस्ट हॉस्पिटैलिटी एलएलपी का अधिग्रहण हमारी उस यात्रा में एक ऐतिहासिक पड़ाव है जिसमें हम एक मल्टी-फॉर्मेट, एक्सपीरियंस-लेड फूड और हॉस्पिटैलिटी कंपनी का निर्माण कर रहे हैं.

## ग्लोबल कंपाउंडर्स पोर्टफोलियो के 3 वर्ष पूरे

**इंदौर.** मार्सेलस इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स ने तीन साल पहले एक स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ अपनी ग्लोबल कंपाउंडर्स रणनीति शुरू की थी जिसका उद्देश्य था, भारतीय निवेशकों को प्रमुख वैश्विक उद्यमों की वृद्धि में भाग लेने में मदद करना और उत्तरी अमेरिका, यूरोप तथा एशिया में अवसरों के लिए पूंजी आवंटित करना. आज, मार्सेलस उस दृष्टिकोण की शानदार सफलता की तीसरी वर्षगांठ मना रहा है. फर्म की ग्लोबल कंपाउंडर्स रणनीति ने अपने पीएमएस, एआईएफ और सलाहकार प्लेटफॉर्मों में कुल प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियों को 300 रुपए करोड़ तक पहुंचा दिया है. मार्सेलस की नेतृत्व टीम ने इस उपलब्धि को नई शुरुआत माना और आभार व्यक्त करते हुए कहा तीन साल पहले, हमने भारतीयों को प्रमुख वैश्विक उद्यमों की वृद्धि में भाग लेने का अवसर प्रदान करने का सपना देखा था, ताकि वे अपनी मेहनत की कमाई का निवेश केवल घरेलू स्तर पर ही नहीं, बल्कि उत्तरी अमेरिका, यूरोप और एशिया में भी सूचीबद्ध अवसरों में भी करसकें.

## तोशिबा ने हैकथॉन के लिए इनोवेटर्स को आमंत्रित किया

**इंदौर.** तोशिबा डिजिटल सॉल्यूशंस कॉर्पोरेशन, पहली बार तोशिबा सॉफ्टवेयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर ग्रिडडीबी क्लाउड आईओटी हैकथॉन का आयोजन करने जा रहा है. यह 31 जनवरी से 1 फरवरी, 2026 तक बेंगलुरु, भारत में होने वाला दो दिवसीय, व्यक्तिगत कार्यक्रम है. हैकथॉन स्टार्टअप्स माइक्रोसॉफ्ट एज्योर मार्केटप्लेस पर उपलब्ध तोशिबा के पूरी तरह से प्रबंधित समय-श्रृंखला डेटाबेस का उपयोग करके ग्रिडडीबी क्लाउड के माध्यम से वास्तविक समय आईओटी अनुप्रयोगों को विकसित करने की चुनौती स्वीकार करने के लिए छात्रों और डेवलपर्स को आमंत्रित करता है. इस वर्ष अप्रैल में दुनिया भर में उपलब्ध ग्रिडडीबी क्लाउड की क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए तोशिबा हैकथॉन का आयोजन कर रही है. हैकथॉन के दौरान प्रतिभागी नवीनतम आईओटी प्रौद्योगिकियों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सकते हैं, साथी इनोवेटर्स से जुड़ सकते हैं, और बहुमूल्य प्रतिक्रिया प्राप्त कर सकते हैं. आवेदन 14 दिसंबर, 2025 तक किया जा सकता है.



# राजनीतिक दल मतदान केन्द्रों पर नियुक्त करेंगे बूथ लेवल अभिकर्ता

- जिले के अधिकारियों को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का प्रशिक्षण

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. आज कलेक्टर कार्यालय में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) वर्चुअली प्रशिक्षण आयोजित हुआ. कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में बिंदुवार जानकारी दी. साथ ही मुख्य बिंदु यह है कि बीएलओ के साथ राजनीतिक दल बीएलए नियुक्त कर सकते है. आम मतदाता के लिए वॉलिंटियर भी नियुक्त करने की योजना भी है.**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग ने आज इंदौर जिले के निर्वाचन अधिकारियों को बताया गया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण क्रियान्वयन शुरू हो गया है. भोपाल से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा सहित अन्य अधिकारियों ने विस्तार से प्रशिक्षण देते हुए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षणप्रक्रिया के बारे में अवगत कराया. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने कहा कि प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. उन्होंने कहा कि प्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू होते ही मतदाता सूची फ्रीज कर दी गई है. भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जाकर 2003 की मतदाता सूची को देखा जा सकता है. इसके अलावा मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है. विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान तीन बार बीएलओ घर घर जाकर सर्वे करेंगे. उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6, हटवाने के लिए फॉर्म 7 और सुधार या संशोधन के लिए मतदाता को फॉर्म 8 भरना होगा. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने बताया कि एन्यूमरेशन फार्म भरने में यदि कोई व्यक्ति झूठी जानकारी देता है तो जुर्माने या कारावास के लिए दंडनीय होगा.

निर्वाचन कार्यालय द्वारा उक्त कार्य के लिए मतदान केन्द्रवार बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) नियुक्त किए गए हैं, वहीं दूसरी और सहयोग के लिए राजनीतिक दल बूथ लेवल अभिकर्ता (बीएलए) नियुक्त कर सकते हैं. उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिवम वर्मा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंवार नवजीवन विजय, सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत श्रीवास्तव सहित सभी एसडीएम (ईआरओ) और सभी तहसीलदार (एईआरओ) शामिल थे.

### आगामी 7 फरवरी 2026 तक चलेगी प्रक्रिया

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने बताया कि एसआईआर की प्रक्रिया 28 अक्टूबर से शुरू हो गई है जो 7 फरवरी 2026 तक चलेगी. इस दौरान 3 नवंबर तक बीएलओ को ट्रेनिंग दी जाएगी. बीएलओ द्वारा एक माह तक घर घर जाकर सर्वे किया जाएगा. मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 9 दिसंबर को किया जाएगा. दावा आपत्तियों के आवेदन एक माह तक लिए जाएंगे. दस्तावेजों का सत्यापन 9 दिसंबर से 31 जनवरी तक किया जाएगा।इसके बाद 7 फरवरी को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन होगा.

# घटयात्रा निकाली, मंत्रोच्चार के साथ किया ध्वजारोहण

- दिगम्बर जैन मंदिर क्लर्क कालोनी में सिद्धचक्र महामंडल विधान



**इंदौर. दिगम्बर जैन मंदिर क्लर्क कालोनी में सिद्धचक्र महामंडल विधान आर्यिका रत्न विदक्षाश्री एवं आर्यिका रत्न सुवंदनमती माताजी के सानिध्य में एवं बाल ब्रह्मचारी अक्षय भैया के कुशल नेतृत्व में 29 अक्टूबर से 6 नवम्बर तक किया जा रहा है.**

सुबह सौधर्म इन्द्र, कुबेर इन्द्र, इन्द्र-इन्द्राणियों के साथ घट यात्रा निकाली गयी. जिसमें बैंड-बाजे के साथ सभी समाजजन नृत्य करते हुए चल रहे थे. जगह-जगह रंगोली बनाई गई रास्ते में वंदन वार से सजाया गया. घटयात्रा के बाद मंत्रोच्चार के साथ ध्वजा रोहण किया और सभी जनों ने मिलकर ध्वजा की परिक्रमा लगाई. तत्पश्चात भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा की गई. प्रचार प्रमुख प्रवीण जैन ने बताया कि महामंडल पर सौधर्म इन्द्र जिनेन्द्र-प्रभा जैन कुबेर इन्द्र कोमल-सविता जैन एवं श्रीपाल-मैनासुंदरी बने निलेश-नेहा जैन ने मिलकर अर्घ्य चढ़ाए. बताते हैं अनादि काल पहल सती मैना सुन्दरी के द्वारा उनके पति और उनके साथ सात सौ लोगों को चर्म रोग हो गया था जो कि मैना सुंदरी ने इस श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान करके सभी रोगियों का रोग दूर किया था. इस अवसर पर मुख्य रूप से आनंद-नवीन गोधा, प्रशांत जैन, धैर्य जैन, अंजली जैन, मोनिका-संचित जैन, ममता, प्रीति, वंदना जैन, विदर्भ जैन, अशोक शास्त्री, मनीष जैन, संजय काका, सिद्धार्थ गंगवाल, नीलू जैन राकेश जैन विशाल जैन के साथ सभी समाजजन शामिल हुए.



# भगवान सहस्त्रार्जुन जयंती पर किया दीपदान

**इंदौर. कार्तिक मास के पुण्य समय में कल्चुरी कलाल समाज के सौजन्य से गीता भवन मंदिर परिसर स्थित भगवान सहस्त्रार्जुन मंदिर में दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में कलचुरी समाज के लगभग 100 सदस्य उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए.**

कार्यक्रम के दौरान सामूहिक रूप से लगभग 1100 दीप प्रज्वलित किए गए. दीपदान के उपरांत श्रद्धालुओं द्वारा भगवान सहस्त्रार्जुन चालीसा का पाठ किया गया तथा विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती सम्पन्न की गई. कार्यक्रम की मुख्य संयोजक डॉ. संध्या चौकसे ने सभी समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए आव्हान किया कि आने वाले वर्ष में भगवान सहस्त्रार्जुन जयंती के अवसर पर और अधिक संख्या में एकत्रित होकर भव्य दीपदान किया जाए, जिससे समाजिक एकता और धार्मिक भावनाओं को और बल मिले. यह आयोजन श्रद्धा, भक्ति और समाजिक एकता का सुंदर प्रतीक बना रहा.

**एक नजर में** | श्रीविद्याधाम पर गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में 56 भोग महोत्सव का आयोजन

# गोवंश को लगाए 56 भोग, परोसे व्यंजन

**इंदौर.** श्रीविद्याधाम पर गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में बुधवार को गोवंश के लिए 56 भोग महोत्सव महोत्सव का दिव्य आयोजन महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में सौल्लास संपन्न हुआ. सैकड़ों भक्तों ने गोवंश को फल, हरी सब्जी, हरी घास एवं अन्य व्यंजन परोसे. आचार्य पं. राजेश शर्मा के आचार्यत्व में 11 विद्वानों ने महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के साथ गोवंश की महाआरती की.



आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि इस अवसर पर गोवंश को सेवफल, पपीता, अनार, चीकू, अमरुद के अलावा हरी सब्जी, हरी घास, भूसा, चारा, अनाज एवं अन्य व्यंजन परोसे गए. अनेक गोप्रेमी अपने घरों से भी व्यंजन एवं गुड़-रोटी लेकर आए थे. गोशाला प्रांगण में इस अन्नकूट के लिए 10 बड़े पात्रों की व्यवस्था के साथ ही फलों और सब्जियों को परोसने के लिए भक्तों के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था की गई थी. सुबह गोवंश की पूजा-अर्चना के साथ संध्या को 108 दीपों से भी आरती की गई. भगवान श्रीकृष्ण एवं गिरिराज की गोबर से निर्मित झांकी भी सजाई गई थी. गोवंश के लिए आयोजित इस अन्नकूट की व्यवस्थाओं में आश्रम परिवार के संजय पंडित, रमेश पसारी, रमेश चंद्र राठौर, सुरेश शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, चंदन तिवारी एवं सुश्री उमा शुक्ला ने भी विभिन्न व्यवस्थाएं संभाली. उत्सवों की परंपरा में 1 नवंबर को देव प्रबोधिनी एकादशी पर तुलसी शालिग्राम विवाह होगा.

श्री श्रीविद्याधाम परिवार का अन्नकूट महोत्सव 30 अक्टूबर को आंवला नवमीं के उपलक्ष्य में मनाया जाएगा. इस अवसर पर सुबह 10.30 बजे मंदिर परिसर स्थित आंवले के वृक्ष के नीचे महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में भगवान हरि विष्णु का पूजन होगा तथा सायं 6 बजे से 56 भोग दर्शन एवं सायं 6.30 बजे महाआरती के बाद भक्तों के लिए अन्नकूट महोत्सव प्रारंभ होगा.



# राम मंदिर में गोमाता को छप्पन भोग अर्पित

**इंदौर.** पंचकुइया स्थित श्री राम मंदिर आश्रम में गोपाष्टमी के अवसर पर एक अद्भुत आयोजन हुआ, गौमाता को छप्पन भोग लगाया. अग्रपीठाधीश्वर - मलूकपीठाधीश्वर स्वामी राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज ने गौपूजन करके महाआरती की.

पंचकुइयां पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर राम गोपाल दास महाराज ने बताया कि गोपाष्टमी के पावन अवसर पर गौधाम में विश्व का पालन करने वाली वैदलक्षणा देशी गौमाता को छप्पन भोग अर्पण किए. अग्रपीठाधीश्वर-मलूकपीठाधीश्वर स्वामी राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज ने महाआरती की. इस अनूठे अनुष्ठान में सैकड़ो भक्तों ने भाग लिया. महाराज श्री ने गौ माता का पूजन आचार्य पंडितों की उपस्थिति में वेद मंत्रों के बीच किया. आरती करके गौ सेवा की गौ माता को छप्पन भोग प्रसादी खिलाई. इसके बाद कामधेनु गौमाता को छप्पन भोग अर्पित कर महाआरती की गई. इस अवसर पर जानकी बल्लभ दास महाराज, अर्जुन दास महाराज, हरिनारायण गोयल, मनोज शर्मा धीरज शुक्ला प्रमोद जोशी सहित अनेक भक्त मौजूद थे.